# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**HALF YEARLY EXAM SESSION 20225 – 26**

**TIME: 3 HRS** **CLASS – VIII** **SUBJECT : HINDI** **M.M:80**

### खंड– क (पठन) [15]

**(1) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** (10)

जोसफ़ और स्टीफ़न दो भाई थे। वे फ्रांस के निवासी थे। एक दिन चूल्हे पर माँ को खाना पकाते समय उन्होंने पाया कि धुआँ राख को लेकर ऊपर उड़ता है। एक दिन उन्होंने एक लिफ़ाफ़े में धुआँ भरा, तो वह उड़कर छत से जा टकराया। सन 1783 में दोनों भाइयों ने पहली बार एक मैदान में बड़ा-सा गुब्बारा ऊँचे स्थान पर रस्सों से बाँधा और उसके नीचे आग जला दी। गुब्बारे में धुआँ भर गया और वह रस्सों को खींचने लगा। दोनों भाई रस्सों से लटक गए। उनके कहने पर एक आदमी ने उन रस्सों को काट दिया। देखते-देखते गुब्बारा ऊपर उड़ने लगा। यह गुब्बारा 900 मीटर की ऊँचाई तक उड़ा। इसके बाद एक दिन उन्होंने गुब्बारे के नीचे एक टोकरी बाँधी, जिसमें एक बतख, बकरी और कुत्ता था। इसमें गर्म हवा भरने पर वह तीनों को ले उड़ा और वापस आ गया। हवाई जहाज़ उड़ाने की दिशा में यह पहला कदम था।

(क) जोसफ़ और स्टीफ़न कहाँ के निवासी थे?
(ख) दोनों भाइयों ने गर्म हवा भरने का प्रयोग पहली बार कब किया?
(ग) पहली बार गुब्बारा कितनी ऊँचाई तक उड़ा?
(घ) दोनों भाइयों ने गुब्बारे में किस-किस को भेजा?

**(2) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** (5)

काले–काले मेघा आए,
आसमान पर आकर छाए।
बैठ हवा के घोड़े पर,
तेज़ी से ये उड़ते जाएँ।
दूर गगन में ये इतराते,
काली घटा साथ में लाते।
गड़–गड़ के ये गीत सुनाते,
सबके मन को ये हर्षाते।

बारिश के कहने पर आते,
उमड़–घुमड़कर जल बरसाते।
धरती की ये तृष्णा बुझाते,
नव जीवन की आस जगाते।
त्याग, तपस्या के ये प्रेमी,
अमर सदा ये रहते हैं।
धीरज से तुम बढ़ते जाओ,
बादल हमसे कहते हैं।

(क) बादल कहाँ पर आकर छाए हैं?
(ख) बादल अपने साथ क्या लेकर आते हैं?
(ग) बादल कहाँ इतराते हैं?
(घ) बादल हमसे किस तरह बढ़ने को कहते हैं?
(ङ) असमान का विलोम शब्द क्या है ?

### खंण्ड – ख [20]

**(3) निम्नलिखित वाक्यों में (√) या (x) का निशान लगाइए –** (2)
**(क)** जिन ध्वनियों के टुकड़े नहीं किए जा सके है, उन्हे वर्ण कहा जाता है।
**(ख)** सभी व्यंजनों में ''अ'' स्वर मिला होता है।

**(4) खाली स्थान भरो–** (2)
**(क)** जिन ध्वनियों के उच्चारण में स्वर – यंत्रिका में कंपन होता है, उसे ________ कहते है ।
**(ख)** अं तथा अ : को ________ कहते है।

**(5) पर्यायवाची शब्दों के अर्थ लिखो–** (2)
**(क)** चमक **(ख)** पर्वत

**(6) विलोम शब्द लिखो –** (2)

**(क) घाट** **(ख) नूतन**

**(7) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द –** (2)

**(क)** बच्चों के लिए काम की वस्तु **(ख)** शरण में आया हुआ

**(8) अनेकार्थक शब्द लिखो। (क)** खर **(ख)** चीर (2)

**(9) समरूपी भिन्नार्थक शब्दों का वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए जिससे उनके अर्थ स्पष्ट हो जाए ।** (2)

**(क) जलज** **(ख) काट**

**ज़लद** **काठ**

**(10) निम्नलिखित शब्दों के उपसर्ग बनाओ–** (2)

**(क)** अति **(ख)** दुर

**(11) निम्नलिखित शब्दों के प्रयोग से प्रत्यय बनाओ–** (2)

**(क)** दान **(ख)** इयत

**(12) शब्दों को शुद्ध करके लिखिए –** (2)

**(क)** राजेनदर **(ख)** आकर्शक

## खंड – ग **(30)**

**(13) दिए गए अति लघु प्रश्नों के उत्तर दो –** (5x2=10)

**(क)** प्रस्तुत कविता 'मनभावन सावन'' में किस ऋतु और मास का वर्णन किया गया है ?

**(ख)** कारखाने में बच्चों का समूह क्या कर रहा था ?

**(ग)** 1983 में विकसित पाँच मिसाइल परियोजनाओं के नाम लिखिए ?

**(घ)** बाधाओं और विघ्नों से कौन नहीं घबराता ?

**(ङ)** डॉ0 कलाम कौन थे ?

**(14) दिए गए लघु प्रश्नों के उत्तर लिखो–** (4x3=12)

**(क)** सागर तट पर सभी तथ्य कैसे स्पष्ट हो गए ?

**(ख)** कारखाने के मालिक ने अपनी शान दिखाते हुए क्या तर्क दिए ?

**(ग)** ''दिन मे तम में मन के सपने जगते'' का क्या अभिप्राय है स्पष्ट कीजिए ।

**(घ)** अध्यापक का क्या नाम था और उन्होने सबको किस लिए आगाह किया ?

**(15) कोई एक दीर्घ उत्तर लिखो।** (5x1=5)

**(क)** मलिक को कालीन बनाने की जगह दिखाने में संकोच क्यों हो रहा था ?

**(ख)** युवकों के लिए डा कलाम का क्या संदेश है ?

**(16) दिए गए प्रश्नों के उत्तर पढ़कर (√) का निशान लगाइए –** (3x1=3)

**(क)** सैद्धांतिक ज्ञान को किसके द्वारा पूर्ण शिक्षा का रूप मिलता है ?

(1) प्रयोग द्वारा (2) परिभाषा द्वारा (3) उदाहरण द्वारा

**(ख)** ''कानून क्या कानून इन्हें रोटी देगा ? मै इनकी देखभाल करता हूँ घर में ये भूखे रह जाएंगे ।''

(1) मलिक ने दिव्या से (2) मलिक ने मेहरा जी से

**(ग)** सुनील को बचाने के लिए झील में कोन कूद पड़ा ?

(1) शोभित (2) नवीन (3) अध्यापक

## खण्ड – घ **(15)**

**(17) निम्नलिखित संवाद में से कोई एक लिखो–** (7x1=7)

' 'टिकट गुम होने पर'' बस चालक और यात्री के बीच संवाद लिखिए ।

**अथवा**

पार्क में सैर करते दो वृद्धों के बीच का संवाद लिखिए ।

**(18) लघुकथा लिखो।** (8x1=8)

शीर्षक – असली कलाकार

शिक्षा – किसी के जीवन को बनाने वाला ही असली कलाकार होता है।

उपर्युक्त शीर्षक और शिक्षा के आधार पर लघुकथा लिखिए ।